# लोक शिक्षण संचालनालय

ब्लॉक –"C" इन्द्रावती भवन,
नवा रायपुर अटल नगर, छत्तीसगढ़
ई–मेल schoolscholarship717@gmail.com दूरभाष नं 0771– 2511192 फैक्स 0771–24445215


क्र./409/छात्रवृत्ति/वि.ग.प्रो.यो./2024–25/241 नवा रायपुर, दि.24/10/2024

प्रति,

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
छत्तीसगढ़

**विषय :–** वर्ष 2024–25 हेतु विज्ञान एवं गणित प्रोत्साहन योजना अंतर्गत राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल पर ऑनलाईन पंजीयन विषयक्।

––0––

विषयांतर्गत लेख है कि सत्र 2024–25 से विज्ञान एवं गणित प्रोत्साहन योजना को छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से *Online* किया जा कर कक्षा 11वीं व 12वीं के पात्र विद्यार्थियों के पंजीयन/सत्यापन हेतु दिनांक 25.10.2024 से लिंक/पोर्टल उपलब्ध कराते हुए निर्देशित किया जाता है, कि दिनांक 15.11.2024 के पूर्व पंजीयन/सत्यापन पूर्ण करें। पंजीयन/सत्यापन हेतु अन्य सामान्य निर्देश इस प्रकार है–

1. कक्षा 11वीं एवं 12वीं में विज्ञान (Mathematics/Biology) संकाय लेने वाले पात्र विद्यार्थियों का **आवेदन स्कूल लॉगिन से किया जाना है।** विद्यार्थी के कक्षा 10वीं के रोल नंबर के माध्यम से पंजीयन किया जा सकेगा।
2. लाभार्थी की व्यक्तिगत जानकारी CGBSE कक्षा 10वी के परिणाम से प्राप्त होगी।
3. कक्षा 10वीं/11वीं मे **70% से अधिक अंक से उत्तीर्ण** विद्यार्थी ही पात्र होंगे। **(दिव्यांग विद्यार्थी हेतु 10 % की छूट)**
4. केवल Science Group : 1-Mathematics 2-Biology संकाय मे अध्ययनरत विद्यार्थी ही पात्र होंगे।
5. लाभार्थी के बैंक खाते से संबंधित सभी जानकारी बैंक पासबुक के अनुसार दर्ज करना है।
6. राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा (National Talent Search Exam) में चयन हुये विद्यार्थी इस योजना हेतु पात्र नहीं है।
7. सभी जानकारी अंग्रेज़ी के बड़े अक्षरो में भरा जाना अनिवार्य है।
8. सभी संबंधित शालाओं/विद्यार्थियों को सूचित करें तथा स्थानीय अखबार के माध्यम से स्थानीय स्तर पर योजना का पर्याप्त प्रचार–प्रसार करें।

( संचालक द्वारा अनुमोदित )

**उप संचालक**
**लोक शिक्षण संचालनालय** 24/10/24
**नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)**

पृ. क्र./409/छात्रवृत्ति/ग.वि.प्रो.छा./2024–25/242 नवा रायपुर, दि.24/10/2024

**प्रतिलिपि** :–

1. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ।
2. समस्त संयुक्त संचालक, संभागीय कार्यालय छत्तीसगढ़ की ओर सूचनार्थ ।
3. श्रीमती ललिता वर्मा, वैज्ञानिक–'सी', मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर की ओर सूचनार्थ।

**उप संचालक**
**लोक शिक्षण संचालनालय,**

E:\SS\Ganit Vigyan Protshan Scholarship\2024-25\Common Letters.Docx